दिनांक 11.09.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

स्वच्छता ही सेवा के तिथि में परिवर्तन सभी अधिकारी अलर्ट मोड में

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छता ही सेवा की शुरूआत 14 सितम्बर से होने वाली था, जो अब 17 सितम्बर से शुरू होगी एवं 2 अक्टूबर को इसका समापन होगा। साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने वाली है उसको देखते हुए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सभी जोन में अलर्ट मोड में काम कर रहे है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियो को निर्देशित किये है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। सुबह 6 बजे से सभी लोग फिल्ड में नजर आना चालिए मै कहीं भी जाकर औचक निरीक्षण कर सकता हूँ। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरूद्व तत्काल कार्यवाही की जावेगी। सफाई नगर निगम भिलाई की पहली प्राथमिकता है। जिसमे ंप्रमुख रूप से सुलभ शौचालयो का साफ–सफाई, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, नलो एवं वास बेसिंग के आस–पास कहीं भी गंदगी न पाई जाये इत्यादि पर ध्यान देना है। कई सुलभ शौचालय के स्वास्थ्य कर्मचारियो से शिकायत मिल रही है। कि जिन शौचालयो मे पानी की टोटी, मग एवं बाल्टी, वास बेसिंग में मिरर इत्यादि लगया दिया गया है। वहां असामाजिक तत्वो द्वारा गायब कर दिया जाता है। जिससे अन्य लोगो को परेशानी होती है। गौरतलब है कि ये सब सुविधा स्थानीय लोगो के लिए ही प्रदाय की जाती है। कुछ लोग छोटे–छोटे लालच में फस के इस प्रकार के कृत्य करते है जो असोभनीय है। इसी प्रकार सफाई अभियान तालाबो, उद्यानो, नालो एवं नालियो की सफाई भी निरंतर की जा रही है। जिससे भिलाई शहर साफ–सुथरा बना रहे। महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी लोगो से सहयोग की अपील की है। यह सब सुविधा आप सबके लिए है उसके सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सबको लेनी होगी।